# विषय : व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

**Set-C**

**नोट :** सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

**निर्देश—**(i) प्रश्न क्रमांक 1 में 10 अंक निर्धारित हैं। इसमें दो उपखण्ड हैं। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक आबंटित है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द।

(iii) प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द।

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द।

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द है।

**(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) लाख की चूड़ियों का बाजार होता है :

(अ) स्थानीय बाजार (ब) प्रान्तीय बाजार

(स) राष्ट्रीय बाजार (द) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार

(ii) साधन की पूर्ति निर्भर करती है :

(अ) उत्पादन लागत पर (ब) साधन की माँग पर

(स) अवसर लागत पर (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) किसी एक वर्ष की राष्ट्रीय आय में उस वर्ष की जनसंख्या को भाग देने पर प्राप्त हो जाती है :

(अ) राष्ट्रीय सम्पत्ति (ब) पूँजी

(स) बाजार कीमत (द) प्रति व्यक्ति आय

(iv) राजस्व में अध्ययन किया जाता है :

(अ) सार्वजनिक आय एवं व्यय का

(ब) सार्वजनिक ऋण का

(स) वित्तीय प्रशासन का

(द) उपर्युक्त सभी का

(v) नियोजन का मुख्य राजनैतिक उद्देश्य होता है :

(अ) सामाजिक सुरक्षा

(ब) सुरक्षा

(स) नैतिक स्तर में वृद्धि

(द) गरीबी दूर करना

**(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) जिस बाजार में सामग्री को खुले आम नहीं बेचा जा सकता है उसे ________ बाजार कहते हैं।

(ii) राष्ट्रीय आय का वह भाग, जो उत्पादन में जोखिम उठाने के लिए प्राप्त होता है, ________ कहलाता है।

(iii) सम्पत्ति कर ________ कर का एक उदाहरण है।

(iv) जिस बजट में आय एवं व्यय बराबर होता है उसे ________ बजट कहते हैं।

(v) हमारे देश में वित्तीय वर्ष का प्रारंभ ________ माह से होता है।

2. विशिष्ट बाजार से क्या आशय है?

3. सामान्य मूल्य से क्या आशय है?

4. पंचवर्षीय योजना से क्या आशय है?

5. सहसंबंध से क्या आशय है?

6. प्रसरण क्या है?

7. आधुनिकीकरण क्या है?

8. रबी फसल किसे कहते हैं?

9. जूट से कौन-कौन सी वस्तुएँ तैयार की जाती हैं? कोई **चार** लिखिए।

10. वितरण के सीमांत उत्पादकता सिद्धांत के नियम की व्याख्या कीजिए।

11. एकाधिकार उत्पन्न होने के कोई **तीन** कारण लिखिए।

12. "राजस्व से धन की विषमता दूर करना संभव है।" समझाइए।

13. विचरण गुणांक क्या है?

14. नहरों द्वारा सिंचाई की **तीन** हानियाँ लिखिए।

15. आधारभूत उद्योग किसे कहा जाता है? उदाहरण दीजिए।

16. कार्यानसार मजदरी और समयानसार मजदरी में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

om

a2zsubjects.com

**अथवा**

भारत में राष्ट्रीय आय में वृद्धि हेतु कोई **चार** सुझाव दीजिए।

17. प्रत्यक्ष करों के कोई **चार** गुण लिखिए।

**अथवा**

सार्वजनिक वित्त एवं निजी वित्त में कोई **चार** अंतर लिखिए।

18. क्या सहसम्बन्ध, कारण एवं परिणाम के संबंध को बतलाता है? समझाइए।

**अथवा**

धनात्मक एवं ऋणात्मक सहसंबंध को तालिका बनाकर समझाइए।

19. 7 प्रकार के लिपस्टिकों में दो महिलाओं द्वारा निम्न क्रम दिए गए हैं। स्पियरमैन का कोटि विधि द्वारा सहसम्बध-गुणांक ज्ञात कीजिए :

| लिपस्टिक | A | B | C | D | E | F | G |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आशा | 2 | 1 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| लता | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**अथवा**

निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सहसंबंध-गुणांक ज्ञात कीजिए :

| X | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 |
|---|---|---|---|---|---|
| Y | 15 | 25 | 30 | 40 | 45 |

20. भारत में 'गैट' समझौता से होने वाले प्रभावों की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

उदारीकरण के कोई **चार** लाभ लिखिए।

21. उत्तर भारत के मैदान का आर्थिक महत्व स्पष्ट कीजिए। (कोई **चार**)

**अथवा**

काली मिट्टी की विशेषताएँ बतलाइए। (कोई चार)

22. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में वस्तु का मूल्य किस प्रकार निर्धारित होता है? उपयुक्त उदाहरण तथा रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

**अथवा**

एकाधिकारी अपना उद्देश्य कैसे पूरा कर सकता है? स्पष्ट कीजिए।

23. निम्न सूचनाओं से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए :

| क्रमांक | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आकार | 13 | 12 | 9 | 8 | 6 | 14 | 10 |

**अथवा**

निम्न आँकड़ों से माध्य द्वारा माध्य विचलन की गणना कीजिए :

| क्रमांक | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आय वर्षा में | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 | 22 |

24. निम्न बिन्दुओं के आधार पर हीराकुण्ड नदी घाटी योजना का वर्णन कीजिए :
(अ) नदी का नाम (ब) राज्य (स) **तीन** मुख्य लाभ

**अथवा**

खाद्य फसल एवं नकद फसल (व्यापारिक फसल) में अंतर लिखिए। (कोई **पाँच**)

25. भारतीय कागज उद्योग की समस्याओं को समझाइए। (कोई **पाँच**)

**अथवा**

बिहार एवं उड़ीसा में लौह एवं इस्पात उद्योग के केन्द्रित होने के **पाँच** कारण लिखिए।

26. वस्तु-विनिमय प्रणाली के **छः** दोषों (कठिनाइयों) को समझाइए।

**अथवा**

वस्तु की विशेषताएँ बाजार के विस्तार को कैसे प्रभावित करती हैं? (कोई **छः** कारण)

27. "भारत में पंचवर्षीय योजनाएँ पूर्ण रूप से सफल नहीं हैं।" कोई **छः** कारण दीजिए।

**अथवा**

आर्थिक नियोजन की विशेषताएँ समझाइए। (कोई **छः**)